**SET – 2**

**Series : HRK/1/C**

कोड नं.
**Code No.** **4/1/2**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा - II
## SUMMATIVE ASSESSMENT - II
# हिन्दी
## HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
**(Course B)**

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

*निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खंड – क

1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

जिसके पर्वत, खेत, घाटियों में अक्षय क्षमता हैं

जिसकी नदियों की भी हम पर माता-सी ममता है

जिसकी गोद भरी रहती है, मिट्टी सदा सुहागिन

उसी देश की एक कली भी यदि भूखी हतभागिन

तो चाहे तुम रेशमधारो या पहने खादी हो

और दौलत ने चाहे तुमको हर सुविधा ला दी हो

नहीं जी रहे अगर देश के लिए तो अपराधी हो ।

(क) देश की धरती की कौन सी क्षमताएँ बताई गई हैं ?

(ख) कैसे कह सकते हैं कि नदियों में माँ की जैसी ममता भरी है ?

(ग) रेशम, खादी आदि किसके प्रतीक हैं ?

(घ) किसे अपराधी माना गया है और क्यों ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 6 = 12**

पिछले दिनों जब यह नया अध्ययन सामने आया कि हमारे कुत्ते यह समझते हैं कि हम उनसे क्या कह रहे हैं और किस अंदाज में कह रहे हैं, तो मुझे इस पर किसी तरह की कोई भी हैरत नहीं हुई ।

जो शब्द मैं बोल रही हूँ, उन्हें डॉली वाकई नहीं जानती इसे मैं नहीं मानती; वह मेरे बोलने के लहजे और मेरी देहभाषा के संदर्भ में उन शब्दों को समझती है । जब भी मैं काम के कारण उसे छोड़कर निकलती हूँ, तो वह मेरे बहानों से संतुष्ट नहीं होती । चाहे मैं कितना भी चीखूं, मैं उसे बेवकूफ नहीं बना सकती । वह सोफे पर लेटी हो, तो अपना सिर दूसरी तरफ घुमा लेगी । वह तब भी बाहर जाने को उत्साहित तो होगी, मगर सामान्य से धीमी दुलकी चाल में चलेगी, हर चीज को सूँघना कम कर देगी ।

लेकिन जब मैं उसे लेकर कहीं जाने को तैयार होती हूँ, तब मुझे पता होता है कि हम एक-दूसरे पर स्नेह बरसाने जा रहे हैं । मैं उससे सचमुच जब पूछूँगी कि क्या उसे रोमांचकारी सफर पर चलना है, डॉली तेजी से मेरे चारों तरफ घूमने लगेगी कि जल्दी करो और जब हम बाहर निकलेंगे, तो वह तेजी से चौकड़ी भरने लगेगी । इसलिए विज्ञान के यह बताए बिना भी कि हमारा कुत्ता वह सब कुछ समझता है, जो हम कहते हैं, मैं जानती हूँ कि मेरी डॉली मेरा कहा सब कुछ अच्छी तरह समझती है, और मैं यह इसलिए जान पाई हूँ, क्योंकि मैंने यह सीखा है कि वह मुझसे क्या कह रही है ? इस तरह से हम लोगों को जानवरों की अक्लमंदी समझने के लिए भी समान दिलचस्पी दिखानी चाहिए ।

यह जानना वाकई अच्छी बात है कि कुत्ते हमें समझने में पूरी तरह सक्षम हैं, लेकिन हमारे लिए उन्हें समझने की कहीं अधिक जरूरत है । डॉली की मालकिन होने की मेरी खुशियों में एक बड़ी खुशी यह भी रही है कि मैं उसके व्यवहार के बारे में जानूँ, उसकी छोटी-छोटी कौतुक भरी चालों के मायने समझ सकूँ । वे भले बोल नहीं सकते हों, मगर इसका यह मतलब नहीं है कि उनके पास कहने को कुछ नहीं है ।

(क) लेखिका को किस नए अध्ययन पर आश्चर्य नहीं हुआ और क्यों ?

(ख) डॉली कौन है ? वह लेखिका के बहानों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करती है ?

(ग) हम कैसे कह सकते हैं कि पालतू कुत्ते वह सब समझते हैं जो हम कहते हैं ?

(घ) किसी सफर पर चलने की सूचना मिलने पर डॉली के व्यवहार में क्या परिवर्तन आ जाता है ?

(ङ) डॉली की मालकिन होने के नाते लेखिका की जिम्मेदारी और खुशी क्या हैं ?

(च) आशय स्पष्ट कीजिए – "वे भले बोल नहीं सकते हों मगर इसका यह मतलब नहीं है कि उनके पास कहने को कुछ नहीं है ।"

## खंड – ख

3. (क) शब्द पद में कैसे बदलता है ? **1**

(ख) 'मैं' 'देश' शब्दों को पदों में बदलिए। **1**

4. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) तताँरा अथक परिश्रम के बाद टहलने निकल पड़ा। (संयुक्त वाक्य में)

(ख) नूह दुखी हुए और मुद्दत तक रोते रहे। (सरल वाक्य में)

(ग) वज़ीर अली का कोई आदमी हमसे मिलना चाहता है। (मिश्र वाक्य में)

5. (क) विग्रहपूर्वक समास का नाम लिखिए : नवयुवक, पूजाघर **2**

(ख) समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : दो या तीन, सूर्य का उदय **2**

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) मुझे तुम्हारे चालाकी में रुचि नहीं।

(ख) गुलाब राय, धनपत राय और प्रेमचंद एक ही व्यक्ति का नाम था।

(ग) "हुजूर ! इसने मेरी उँगली काट खाया।"

(घ) पैगंबर नूह उसकी बात को ध्यान से सुने।

7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य–प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : **2**

(क) सिर पर तलवार लटकना

(ख) आड़े हाथों लेना

## खंड – ग

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

"यह तो बताओ कि यह कुत्ता किसका है । मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं हूँ । कुत्तों को इस तरह आवारा छोड़ देने का मज़ा मैं इनके मालिकों को चखाकर रहूँगा । जो कानून का पालन नहीं करते, अब उन लोगों से निबटने का वक्त आ गया है । उस बदमाश आदमी को मैं इतना जुर्माना ठोकूँगा ताकि उसे इल्म हो जाए कि कुत्तों और जानवरों को इस तरह आवारा छोड़ देने का क्या नतीजा होता है ?"

(क) यह कथन किसका, किसके प्रति है ? उन लोगों को कुत्ते से क्या परेशानी थी ?

(ख) इस कथन के आधार पर वक्ता के व्यक्तित्व की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ग) कुत्तों को आवारा छोड़ देने का क्या परिणाम हो सकता है ?

9. 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' के आधार पर मनुष्य और प्रकृति के बीच पिछले ज़माने और आज के संबंधों की व्याख्या कीजिए । **5**

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(क) कर्नल कॉलिंज ने सआदत अली का परिचय किस प्रकार दिया ? उसे गद्दी में बिठाने से ईस्ट इंडिया कंपनी को क्या लाभ हुआ ?

(ख) 'केवल वर्तमान सत्य है' – 'झेन की देन' के आधार पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित चेखव की कहानी का शीर्षक किस पात्र की किस विशेषता के आधार पर रखा गया होगा ?

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(क) बिहारी के दोहों के आधार पर लिखिए कि ग्रीष्म की दोपहर का छाया पर क्या प्रभाव पड़ता है और संसार तपोवन-सा कैसे हो जाता है ?

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' गीत में शलभ को क्या पश्चात्ताप है ?

12. 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में समझाइए । **5**

13. 'टोपी शुक्ला' की कहानी से उभरने वाले किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण जीवन मूल्यों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए । **5**

## खंड – घ

14. बढ़ती महँगाई से निपटने के लिए अपने सुझाव देते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । **5**

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **250** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) <u>अपनी काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा का विवरण</u>

- विचार कैसे आया
- यात्रा के अनुभव
- यात्रा की समाप्ति

(ख) जब मुझे झूठ बोलना पड़ा

- कब, क्यों ?
- कैसे, क्या ?
- प्रभाव / प्रतिक्रिया

(ग) हम सब भारतीय हैं

- तात्पर्य
- एकता के लाभ
- भविष्य

16. घर और आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के बारे में पति–पत्नी के बीच हुई बातचीत को संवादों के रूप में लगभग **50** शब्दों में लिखिए । **5**

17. फुटबॉल क्लब के कार्यालय के पुराने फर्नीचर की बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग **30** शब्दों में लिखिए । **5**

18. बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ सहायता सामग्री आपके विद्यालय की ओर से भेजी जानी है । सामग्री विवरण, एकत्र करने के स्थान, प्रभारी व्यक्ति आदि की जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग **30** शब्दों में लिखिए । **5**